# जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com ● राहतगढ़ ● खुरई ● पथरिया ● सिलवानी ● गैरतगंज ● गंजबासौदा ● सिरोंज ● बीना ● शमशाबाद

भोपाल 02 अगस्त 2026


### नकदी, चांदी की पायल एवं कार जब्त, दो आरोपी अभी फरार

# शादी का झांसा देकर डेढ़ लाख रुपए की ठगी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, सागर।** पुलिस अधीक्षक सागर अनुराग सुजानिया के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर नरेन्द्र सोलंकी एवं एसडीओपी राहतगढ़ योगेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना जैसीनगर पुलिस ने शादी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

फरियादी नोनीराम पटेल निवासी ग्राम महुआखेड़ा पैगवार ने थाना जैसीनगर में शिकायत दर्ज कराई कि आरोपियों ने शादी कराने का झांसा देकर उसकी शादी रुकमणी चतुर्वेदी से कराई। विवाह के बाद रुकमणी चतुर्वेदी विवाह में मिले सोने-चांदी के जेवरात एवं 30,000 नगद सहित कुल लगभग 1.50 लाख की संपत्ति लेकर फरार हो गई। शिकायत पर थाना जैसीनगर में धारा 318(4), 316(2), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

विवेचना के दौरान आरोपी अरविंद विभार पिता जगतसिंह विभार निवासी जकराना, थाना बहरोड़, जिला अलवर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपने साथियों रुकमणी चतुर्वेदी, ममता चतुर्वेदी, जीन्स नूर उर्फ सगीता तथा वाहन चालक सोनू अहिरवार के साथ मिलकर शादी के नाम पर ठगी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। विवेचना में आरोपी रुकमणी चतुर्वेदी तथा घटना में प्रयुक्त वाहन के चालक सोनू अहिरवार की संलिप्तता भी प्रमाणित होने पर उन्हें भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 20 हजार नगद, चांदी की पायल तथा घटना में प्रयुक्त कार कीमत लगभग 1.50 लाख जब्त की गई। मामले में ममता चतुर्वेदी एवं जीन्स नूर उर्फ सगीता निवासी बिलासपुर (छत्तीसगढ़) की गिरफ्तारी शेष है। गिरफ्तार आरोपी अरविंद विभार, रुकमणी चतुर्वेदी एवं सोनू अहिरवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल भेजा गया।

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जे.पी. ठाकुर, प्रधान आरक्षक विकास सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक जयसिंह कुर्मी, प्रधान आरक्षक हुकुम धुर्वे, आरक्षक जितेन्द्र रजक, आरक्षक गौरव कोरी, आरक्षक रामप्रकाश स्थापक, महिला आरक्षक अनीता लोधी एवं तपस्या रजक की सराहनीय भूमिका रही।

## टाइगर रिजर्व में प्राचीन मनके खोद रहे ग्रामीणों का पुलिस पर पथराव



**जागरण, देवरीकलां।** रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की सीमा में विगत एक पखवाड़े से चल रही प्राचीन मनकों खुदाई रोकने गई देवरी थाना पुलिस और ग्रामीणों के बीच टकराव हो गया। पुलिस द्वारा खुदाई कर रहे लगभग 1 हजार से अधिक ग्रामीणों को खदेड़ने के दौरान ग्रामीणों ने उन पर पथराव कर दिया जिसमें थाने में तैनात एक आरक्षक घायल हो गया एवं पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद प्रशासन हरकत में आया और प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की सुध ली और ग्रामीणों को समझाइश और वन विभाग को सर्तकता और निगरानी के निर्देश दिये। प्राप्त जानकारी के अनुसार रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की वन बीट सुना के अंतर्गत राजा बाबा नामक पुरातात्विक स्थल पर विगत एक पखवाड़े से ग्रामीणों द्वारा प्राचीन मनकों की तलाश में खुदाई की जा रही है। हकीक पत्थर जैसे दिखने वाले इन प्राचीन मनकों की अच्छी कीमत मिलने के कारण उक्त स्थल पर आसपास एवं दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों की संख्या बढ़ती गई और आंकड़ा 15 सौ को पार कर गया। जिसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची थी और वारदात सामने आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर लगभग 2 बजे देवरी थाना पुलिस थाना प्रभारी की अगुवाई में खुदाई स्थल पर पहुंची उस दौरान वहां लगभग 15 सौ से अधिक ग्रामीण महिलाएं, पुरुष और बच्चे मौजूद थे। पुलिस द्वारा उन्हें खुदाई से रोकने और हटाने के लिए खदेड़ने का प्रयास किया गया तो ग्रामीणों उग्र हो गये और पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। जिसमें थाने में पदस्थ आरक्षक चोटिल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र देवरी में भर्ती कराया गया है। बाद में अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### मॉनसून



**जागरण, सागर।** शहर में ही नहीं, पूरे जिले में मानसून इस बार मेहरबान नहीं है। यही वजह है कि किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें हैं तो आमजन भी मौसम के इस बदलते तेवर से हैरान हैं। शनिवार को कई दफे तेज धूप रही। सिस्टम भी कई बार बना लेकिन पानी नहीं गिरा। अंदेशा है कि यदि यह माह भी बेरुखा निकल गया तो इस बार जल संकट गहराना जैसे तय है।

## शिवजीत बने प्रांतीय पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष



**जागरण, सागर।** पटवारी शिवजीत सिंह कंग को प्रांतीय पटवारी संघ शाखा जिला सागर का कार्यवाहक जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे जिले में सदस्यता के प्रभारी भी हैं और जिला कार्यकारिणी के गठन की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। श्री कंग ने संगठन में ज्वाइनिंग के साथ ही यह स्पष्ट कर दिया है कि मप्र पटवारी संघ और प्रांतीय पटवारी संघ में किसी में किसी भी प्रकार का भेदभाव या अलगाव कभी नहीं होगा। वह इसलिए क्योंकि पटवारी संवर्ग की मांगे एक ही हैं। जब भी सागर जिले के पटवारी अपनी मांगों को लेकर आएंगे तो हम सब एकजुट होकर अपनी मागों का ज्ञापन देंगे और मिलकर निराकरण करवाएंगे और पूरे प्रदेश को पटवारी एकता व समरसता का संदेश देंगे। उन्होंने बताया कि लगभग 4 वर्ष मप्र पटवारी संघ जिला अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाहन किया है इस दौरान एक शीर्ष पदाधिकारी की वित्तीय अनियमितताओं से क्षुब्ध होकर इस संगठन से सदस्यता त्याग कर प्रांतीय पटवारी संघ की सदस्यता ग्रहण की। पटवारियों के हितों के लिहाज से रणनीति बनाई जाएगी। उन्हें एक माह के अंदर अपने नए संगठन के चुनाव कराने के साथ जिला कार्यकारिणी का गठन करना है।

# शहर की बेटी ने कॉमनवेल्थ गेम्स में जीता सिल्वर, बढ़ाया सागर का मान

### जूडो में यामिनी मौर्य ने ग्लासगो में लहराया तिरंगा



**जागरण, सागर।** शहर की सदर निवासी प्रतिभाशाली जूड़ो खिलाड़ी यामिनी मौर्य ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिलाओं के 57 किलोग्राम भार वर्ग में ऐतिहासिक रजत पदक जीतकर भारत का तिरंगा अंतरराष्ट्रीय मंच पर गर्व से फहराया है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल सागर बल्कि पूरे मध्यप्रदेश एवं देश का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है। कॉमनवेल्थ गेम्स के फाइनल मुकाबले में यामिनी का सामना इंग्लैंड की अनुभवी जूड़ो खिलाड़ी एसिल्या टॉपराक से हुआ। स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार प्रतिद्वंद्वी को अंत तक कड़ी चुनौती दी। हालांकि उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा, लेकिन उनका प्रदर्शन पूरे खेल जगत के लिए प्रेरणा बन गया। यामिनी ने विद्यालय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं से अपनी पहचान बनाई और फिर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारतीय जूड़ो टीम में स्थान बनाया। विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार शानदार प्रदर्शन के बल पर उन्होंने स्वयं को देश की अग्रणी जूड़ो खिलाड़ियों में स्थापित किया। नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यामिनी मौर्य ने अपने अदम्य साहस, अनुशासन और अथक परिश्रम से यह सिद्ध किया है कि प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। यामिनी की सफलता नरयावली विधानसभा की प्रत्येक बेटी और युवा खिलाड़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# महिला कांग्रेस ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी एवं सांसद कंगना रनौत का पुतला दहन किया

### वाटर कैनन का उपयोग कर पुतला दहन रोकने की कोशिश



**जागरण, सागर।** जिला शहर महिला कांग्रेस द्वारा गांधी चौक, मछरयाई पर जोरदार नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी एवं सांसद व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन का नेतृत्व कांग्रेस नेत्री डॉ. किरण लता सोनी ने किया। इस दौरान जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुलिस बल ने पुतला दहन रोकने तथा कांग्रेसियों के ऊपर वाटर कैनन कर रोकने की कोशिश की जिसे कांग्रेसियों ने विफल कर दिया इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि भाजपा ने ऐसे व्यक्ति को शिक्षा मंत्री बनाया है जो दुष्कर्मियों का बचाव करने से भी पीछे नहीं हटते। उनकी गलत नीतियों का खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ेगा। वे शिक्षा में सुधार की बजाय राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं और चला मुरारी हीरो बनने की तर्ज पर काम कर रहे हैं। कंगना रनौत पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कंगना भूल गई हैं कि वे रील लाइफ से निकलकर रियल लाइफ में आई हैं। देश की जनता, विपक्ष और युवाओं के खिलाफ बोलकर वे चंदा चोरों का गुणगान कर रही हैं, जबकि इसी जनता ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। आयोजक डॉ. किरण लता सोनी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के बयान से महिलाओं को गहरा आघात पहुंचा है। वे इस पद के काबिल नहीं हैं और अपने कर्तव्य की बजाय मोदी की मुरली बजाने में लगे हैं। उन्होंने कंगना रनौत द्वारा जेनरेशन गटर जैसे आपत्तिजनक बयान और पेपर लीक आंदोलन व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के प्रति इस्तेमाल की गई अनुचित भाषा की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए माफी की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में वोट कहीं डालो कहीं और पहुंचता है, महंगे खाद-डीजल और कृषि उपकरणों से किसान आत्महत्या कर रहे हैं, पेपर लीक हो रहे हैं और अयोध्या में रामलला मंदिर के चढ़ावे को भी लूटने से ये पीछे नहीं हैं। इस दौरान सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, पार्षद सुरेखा राकेश राय, रोशनी वसीम खान, नीलोफर चमन अंसारी, रेखा सोनी, शारदा अहिरबार , रेखा अहिरवार, गीता कुशवाहा, अर्चना कनौजिया, प्रदीप गुप्ता, शरद पुरोहित, रमाकांत यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, नरेंद्र मिश्रा, महेश अहिरवार आदि मौजूद थे।

# निगमायुक्त ने कटरा क्षेत्र का किया निरीक्षण, अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई



**जागरण,सागर।** निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने शनिवार को तीनबत्ती कटरा होते हुए विजय टॉकीज तिराहा, नगर निगम टपरा मार्केट आदि का निरीक्षण किया और कटरा क्षेत्र में जगह-जगह अतिक्रमण कर अव्यवस्था फैलाने वाले अतिक्रमणकारीयों पर समक्ष में खड़े होकर सामग्री जब्ती की सख्त कार्यवाही कराई।

उन्होंने कटरा व्यवसायिक क्षेत्र में पक्की दुकानों के बाहर फुटपाथ पर विक्रय सामग्री रखकर अतिक्रमण करने वालों के कपड़ा स्टैंड, तखत, फल क्रेट, स्टैंड आदि जब्त करायें। निगमकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि निगम टपरा मार्केट में दुकानदारों से शपथ पत्र बनवाएं सभी अपनी दुकान गली को स्वच्छ रखेंगे। जो भी दुकानदार गंदगी फैलाते हैं या जिनकी दुकान के आस पास गंदगी, खाली रेपर, पेकिंग मटेरियल आदि कचरा मिले तो तत्काल चालानी कार्यवाही करें और बार बार यदि यह दोहराया जाये तो उक्त दुकानदार का आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही करें। निगमायुक्त ने दुकानदारों रेहड़ी ठेला व्यापारियों को दी समझाईस-शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने में सहयोग करें। निगमायुक्त ने दुकानदारों सहित रेहड़ी ठेला व्यापारियों को समझाईस देते हुए कहा की शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने में सहयोग करें। सागर शहर के नागरिकों को बेहतर सुविधायें प्रदान करना निगम प्रशासन के साथ ही आपकी भी जिम्मेदारी है। आप दुकानदारों के ग्राहक शहर के नागरिक हैं उनकी सुविधा को अतिक्रमण कर असुविधा में न बदलें।

उन्होंने कहा कि आप अपने प्रतिष्ठान में झाड़ू लगाते ही हैं यदि कोशिश करेंगे तो दुकान के आसपास भी सफाई रखी जा सकेगी। उन्होंने दुकानदारों से कहा की दुकान के बाहर सामग्री रखकर प्रर्दशन न करें। फुटपाथ नागरिकों के आने जाने हेतु उपलब्ध रहें उनकी सुविधा को बाधित न करें। निगमायुक्त ने निगम के इंजीनियर्स को निर्देशित कर कहा की कटरा बाजार के सभी भवनों की बिल्डिंग परमिशन चैक करें। जिन बिल्डिंगों की आवसीय भवन अनुज्ञा नक्शा आदि पास है और उनमें व्यापारिक प्रतिष्ठान संचालित हैं या किसी भी प्रकार की व्यापारिक गतिविधियों में उपयोग किया जा रहा है ऐसे भवन स्वामियों पर वैधानिक कार्यवाही करें। कटरा बाजार का औचक निरीक्षण किये जाने के दौरान अतिक्रमण पाये जाने और साफ-सफाई में दुरुस्ती न पाये जाने पर नाराजगी जताते हुए निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कटरा क्षेत्र के जिम्मेदार निगमकर्मियों को फटकार लगाते हुए कहा की यह आपकी जिम्मेदारी है की शहर पूरी तरह व्यवस्थित साफ स्वच्छ और सुंदर रहे। सभी निगमकर्मी प्रतिबद्धता से कार्य करें और लापरवाही न बरतें

# अरबाज खान क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयनित



**जागरण, गौरझामर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र अरबाज खान का क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों तथा खेल प्रशिक्षकों ने छात्र को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामना दी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि खेल प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। छात्र विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी पहचान बना रहे हैं।

## धर्म-कर्म

### शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली कलश यात्रा

# समरसता संकल्पः कलश यात्रा का उत्साह से किया स्वागत

**जागरण, सागर।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश भाजपा द्वारा संचालित श्री गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत काशी वाराणसी से निकली समरसता संकल्प कलश यात्रा का शनिवार को जिले में भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के जिले में प्रवेश करते ही श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता का अनुपम वातावरण देखने को मिला।

नरयावली विधानसभा क्षेत्र के बड़तूमा स्थित संत रविदास स्मारक पर यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस दौरान नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं अभियान संयोजक सुमेर सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी सहित जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, संत समाज और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर समरसता संकल्प कलश का अभिनंदन किया।

संत रविदास जी के जयघोष, भजन और भारत माता के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा बड़तूमा, मकरोनिया चौराहा, रजाखेड़ी चौराहा, सदर अंबेडकर चौराहा, भगवानगंज स्थित संत रविदास मंदिर, सीहोरा और राहतगढ़ होते हुए विदिशा एवं रायसेन मार्ग से भोपाल के लिए रवाना हुई। श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सामाजिक समरसता, समानता और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने का अभियान है। काशी से लाया गया पवित्र जल, पावन माटी और समरसता संकल्प कलश संत गुरु रविदास जी के समता सामाजिक न्याय, मानवता और राष्ट्र एकात्मता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बन रहा है।

## जिले के प्रथम कंप्यूटर शिक्षक हुए सेवानिवृत्त



**जागरण, सागर।** शिक्षा विभाग में पदस्थ कई अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षकों ने अपने काम से अलग ही पहचान बनाई है। ऐसे ही एक अधिकारी बलराम दुबे भी हैं जो 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो गए। वे शिक्षा विभाग में जिले के प्रथम शिक्षक हैं जिन्होंने सबसे पहले कंप्यूटर का प्रशिक्षण हासिल किया था। बीते शुक्रवार को डीईओ कार्यालय में कार्यरत प्रशासक एमआईएस श्री दुबे को कार्यालयीन साथियों ने समारोहपूर्वक विदाई दी। डीईओ अरविन्द जैन ने उनके कार्यकाल पर प्रकाश डाला। संचालन अभय श्रीवास्तव ने किया। श्री दुबे ने 1988 से विभिन्न पदों पर कार्य किया। उन्होंने 1987 में कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त किया था। कार्यक्रम में परिजन एवं कार्यालयीन साथियों ने अपने विचार व्यक्त किए और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामना दी। कार्यक्रम में एमके उभार, संजय दादर, मनीष शर्मा, संतोष तिवारी, गंगाराम चौधरी, सावित्री तिवारी, निहारिका, प्रतीक, अनामिका, पीयूष, श्रीराम, राजेश दुबे आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस को झटका, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**जागरण, सागर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत को बड़ी राहत देते हुए कांग्रेस नेता एवं पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी है। यह याचिका मंत्री राजपूत के विधानसभा चुनाव के दौरान प्रस्तुत किए गए चुनावी शपथपत्र में संपत्ति संबंधी जानकारी छिपाने के आरोपों को लेकर दायर की गई थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया एवं न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए नीरज शर्मा की याचिका को निरस्त कर दिया कि दायर याचिका पूर्णतः भ्रांतिपूर्ण है। इसी विषय से संबंधित कांग्रेस नेता राजकुमार धनोरा की याचिका पर भी संयुक्त रूप से सुनवाई हुई। इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने भी अपनी तरफसे उच्च न्यायालय में अपना जवाब प्रस्तुत किया है।

# मोबाइल-कंप्यूटर दुकान में लगी आग, मची अफरा-तफरी, सामान राख



**जागरण, सागर।** नगर में शुक्रवार दोपहर एक मोबाइल एवं कंप्यूटर दुकान में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। शुक्रवार दोपहर दिव्या मोबाइल एवं कंप्यूटर नामक दुकान में अचानक आग लग गई। आग की तेज लपटें और धुआं उठता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार दुकान संजय नगर निवासी सुनील साहू की है। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दुकान में रखे मोबाइल फोन, कंप्यूटर से जुड़ा सामान और अन्य कीमती सामग्री आग की चपेट में आकर जल चुकी थी। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का पंचनामा तैयार किया। फिलहाल नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।


## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति राहतगढ़ जिला सागर (म.प्र.)

क्र./मंडी/निर्माण/2026-27/64 दि. 30.07.2026

### / / द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना / /

कृषि उपज मण्डी समिति राहतगढ़ द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) आधार पर तौलकांटा स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर दिनांक 17.08.2026 तक ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी ऑनलाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।

| सिस्टम टेण्डर क्र. | इलैक्ट्रोनिक तौल कांटा स्थापना का स्थान | तौलकांटे की क्षमता | न्यूनतम वार्षिक प्रीमियम (राशि रु.) | धरोहर राशि रु. | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_MPSAM_526197 | मंडी प्रांगण राहतगढ़ | 10 मेट्रिक टन | 25000/- | 49500/- | 5000.00 |

सचिव<br>कृषि उपज मण्डी समिति<br>राहतगढ़ जिला सागर ( म. प्र. )

भारसाधक अधिकारी<br>कृषि उपज मण्डी समिति<br>राहतगढ़ जिला सागर ( म. प्र. )

### देवश्री जागेश्वरनाथ धाम बांदकपुर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम दर्शन व्यवस्था का जायजा

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया संयुक्त निरीक्षण

**जागरण दमोह।** सावन माह के प्रत्येक सोमवार को जिले के प्रसिद्ध एवं आस्था के प्रमुख केंद्र देवश्री जागेश्वरनाथ धाम बांदकपुर में भगवान शिव के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए उनकी सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रताप नारायण यादव एवं पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बांदकपुर धाम का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर एवं आसपास सभी आवश्यक नागरिक सुविधाएं समय पर उपलब्ध रहें तथा विभिन्न विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुगम दर्शन सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर, मुख्य प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग, बैरिकेडिंग, दर्शन कतार, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी हिण्डोरिया, चौकी प्रभारी बांदकपुर एवं उपस्थित पुलिस बल को श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने निर्देशित किया कि सावन सोमवार के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे। महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन एवं आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। सावन सोमवार के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम दर्शन, यातायात प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन दमोह एवं दमोह पुलिस द्वारा व्यापक एवं प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।



## न्यूज कार्नर

### हटा में जिला कल्चुरी महासभा की बैठक संपन्न




**हटा।** जिला कल्चुरी महासभा के तत्वावधान में शनिवार को समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरि प्रसाद राय ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान सहस्त्रबाहु के पूजन अर्चन से हुई, इसके बाद अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष संजय सुखचैन राय, शहर अध्यक्ष अभिषेक राय, जयकांत राय, चंदू राय, सुरेंद्र राय, गोविंद राय, बंटी राय, पप्पू राय, हिमू रायए धर्मेंद्र राय, सतीश राय सहित हटा, पाजी और रनेह क्षेत्र के समाजजन उपस्थित रहे। बैठक में समाज हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष संजय सुखचैन राय ने संगठन के नए पदाधिकारियों की घोषणा की। दीपचंद राय दीपू को ब्लॉक ग्रामीण अध्यक्ष, रामकुमार राय को हटा शहर अध्यक्ष, अरविंद राय गुड्डा को जिला उपाध्यक्षए प्रदीप राय को जिला महामंत्री तथा गोलू राय को युवा हटा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी उपस्थित समाजजनों ने सर्वसम्मति से इन नियुक्तियों का स्वागत किया।

### चीतल को पकड़कर वन विभाग को सौंपा

**हटा।** फतेहपुर क्षेत्र में शुक्रवार को जंगल से भटककर एक चीतल बस स्टैंड के आसपास आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच गया। खुले में घूम रहे चीतल पर आवारा कुत्तों सहित अन्य जानवरों के हमले की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्परता दिखाई। ग्रामीण आयुष तिवारी, राज राजपूत एवं कार्तिक कुर्मी ने सावधानी पूर्वक चीतल को सुरक्षित पकड़कर इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और चीतल को अपने संरक्षण में लेकर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।



### दमोह कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

## 3 किलो 147 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा लिए एक आरोपी गिरफ्तार

**जागरण दमोह।** पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगी द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था जो पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर सूचना पर दिनाँक 31.07.2026 को जटाशंकर पहाड़ी टीन सेड के नीचे दमोह से रेड कार्यवाही कर आरोपी मुकेश यादव पिता सरजू यादव उम्र 36 साल निवासी धरमपुरा वार्ड 39 दमोह के कब्जे से 3 किलो 147 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 47000 रुपये का जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली दमोह में अपराध क्र. 699/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा।

आरोपी का नाम मुकेश यादव पिता सरजू यादव उम्र 36 साल निवासी धरमपुरा वार्ड 39 दमोह जप्तसुदा मशरूका 3 किलो 147 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 47000 रुपये। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, उनि नीतेश जैन, प्रआर अभिषेक चौबे, प्रआर आर नरेन्द्र पटेरिया, आर आकाश शामिल हैं।

### जिले में 466.5 मिमी बारिश दर्ज

**जागरण दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 466.5 मिमी अर्थात 18.3 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है जो अभी तक गत वर्ष से 270.7 मिमी अर्थात 10.7 इंच कम है। इसी अवधि में गत वर्ष 737.2 मिमी अर्थात 29 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा पटेरा में 713.4 मिमी दर्ज की गई है।

भू-अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 411 मिमी हटा 548.8 मिमी जबेरा में 390 मिमी पथरिया 521 मिमी तेन्दूखेड़ा 418.6 मिमी बटियागढ़ 263 मिमी तथा पटेरा में 713.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 3.0 मिमी अर्थात 0.1 इंच वर्षा दर्ज की गई है।

बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 1.0 मिमी हटा में 4.2 मिमी जबेरा में 1.0 मिमी पथरिया 1.0 मिमी बटियागढ़ 10 मिमी तथा पटेरा में 4.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## जमीन के विवाद पर मारपीट मझगवां हंसराज का मामला

**जागरण दमोह।** कुम्हारी थाना क्षेत्र के मझगंवा हंसराज गांव में शुक्रवार रात जमीन ठेके के विवाद को लेकर दो युवकों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूर्व सांसद के परिजनों की जमीन के ठेके को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल जानकी शरण सिंह लोधी ने बताया कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिवंगत चंदन सिंह की बहू रश्मि सिंह अपनी जमीन ठेके पर देती हैं। आरोप है कि पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह, उनके भाई केसरी सिंह और भतीजे साहिल सिंह इस व्यवस्था का विरोध कर रहे हैं। घायलों ने बताया कि शुक्रवार रात संजय सिंह गांव के स्टैंड पर बैठे थे, तभी संतोष सिंह ने जमीन ठेके को लेकर विवाद शुरू कर दिया और डंडे से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए मिथिलेश राय को भी चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। घटना के बाद परिजन घायलों को लेकर कुम्हारी थाना पहुंचे



और मामला दर्ज कराया। घायल संजय सिंह का आरोप है कि रश्मि सिंह की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से पूर्व सांसद और उनके परिजन आरोपी संतोष सिंह को संरक्षण देकर हमला करवा रहे हैं। वहीं इस मामले में पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह का कहना है कि उन पर और उनके परिवार पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। वह न तो कभी गांव जाते हैं और न ही उन्हें इस बात से कोई मतलब है कि उनकी पुत्रवधू के पास कौन सी जमीन या खेती है। जब से मंदिर ट्रस्ट का गठन हुआ है, तब से उनके और उनके परिवार पर इस प्रकार के झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं कि वे जमीन हथियाना चाहते हैं जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है।

### हटा के भटिया गांव में दर्दनाक हादसा

## लापता 4 वर्षीय मासूम का पानी से भरे पोखर में मिला शव

**जागरण हटा।** हटा थाना क्षेत्र के भटिया गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। गांव की 4 वर्षीय मासूम वैष्णवी अहिरवार पिता शिवम अहिरवार का शव घर के पास स्थित पानी से भरे एक गहरे पोखर से बरामद किया गया।



बच्ची मंगलवार शाम से लापता थी जिसके बाद परिजनों ने हटा थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पोखर में बच्ची के शव होने की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। हटा एसडीओपी कृष्णपाल सिंह, थाना प्रभारी एवं पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। शाम लगभग 4 बजे शुरू हुआ अभियान देर रात तक चला। कड़ी मशक्कत और परिजनों के सहयोग से पुलिस ने मासूम का शव पानी से बाहर निकाला। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल हटा भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग आनंद शिविर के लिए शासकीय सेवकों का होगा पंजीयन

**जागरण दमोह।** जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देश जारी किए गए हैं कि इच्छुक शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पंजीयन कराया जाए। यह पंजीयन आर्ट ऑफ लिविंग, बेंगलुरु में 7 से 10 सितंबर तक आयोजित होने वाले आनंद शिविर के लिए किया जाएगा। कलेक्टर ने संबंधित विभागों से निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार पात्र अधिकारियों एवं कर्मचारियों का शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित करने को कहा है।

### दो युवकों ने एक व्यक्ति से मारपीट

**बीना जागरण।** शराब के नशे में दो युवकों ने एक के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सुभाष वार्ड निवासी अमन रैकवार एवं गौरव रैकवार जो आये दिन शराब पीकर मोहल्ले में गाली गलौज करते रहते हैं। शुक्रवार को लगभग 8 बजे मोहल्ले का ही जयकुमार रैकवार अपनी स्कूटी निकाल रहा था तभी दोनों आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जब उसे गाली देने से मना किया तो दोनों ने मिलकर उसके साथ लातों, घूसों एवं डंडों से मारपीट कर दी। जिससे उसे चोटें आई हैं पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### यात्रा के दौरान यात्री का मोबाइल चोरी

**बीना जागरण।** प्रयागराज एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे एक यात्री का मोबाईल बीना स्टेशन से हो गया। जिसकी शिकायत उसने जीआरपी थाने में दर्ज कराई है। जीआरपी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सचिन यादव आयु 18 वर्ष पिता सुभाष यादव निवासी छत्रछाया कालोनी पीथमपुर जो प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन से इंदौर की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान वह सो गया और किसी अज्ञात चोर ने उसकी पेंट में रखे मोबाईल आईफोन 15 कीमत 60 हजार रूपये को चुरा लिया। आसपास तलाशने के बाद जब उसे अपना मोबाईल नहीं मिला तो उसने इसकी शिकायत जीआरपी थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बुर्जुग को कार चालक ने मारी टक्कर

**बीना जागरण।** खुरई रोड स्थित श्रुतधाम के पास एक कार चालक ने वृद्ध को टक्कर मार दी। जिससे उसे चोटें आई हैं। मिली जानकारी अनुसार कुरवाई निवासी ज्ञानचंद जैन आयु 70 वर्ष श्रुतधाम मंदिर से लौट रहे थे। तभी तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये एक कार चालक ने वृद्ध को टक्कर मार दी। जिसे पैर एवं हाथ में चोटें आई हैं।

प्राथमिक उपचार के बाद बुर्जुग को जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। कार चालक ने बताया कि वह अपनी साईड से जा रहा था तभी अचानक बुजुर्ग उनकी कार के सामने आ गए। जब तक वह कुछ समझ पाते, तब तक टक्कर हो गई।

# जेपी पॉवर प्लांट के भीतर पुलिस चौकी, गेट पर चौबीस घंटे सुरक्षा फिर भी दो घरों में लाखों की चोरी

## एसपी से शिकायत: सीसीटीवी और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल



**बीना जागरण।** सिरचौंपी पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित जेपी थर्मल पावर प्लांट की हाई सिक्योरिटी आवासीय कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलते हुए दो सूने मकानों में लाखों रुपये की चोरी कर ली। हैरानी की बात यह है कि प्लांट परिसर के भीतर ही पुलिस चौकी संचालित है और मुख्य गेट पर 24 घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात रहते हैं, इसके बावजूद चोर दो मकानों के ताले और अलमारी के लॉकर तोड़कर आराम से जेवरात और नकदी समेटकर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों पीड़ितों की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(ए) एवं 331(4) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार जेपी थर्मल पावर प्लांट में शिफ्ट इंचार्ज इंजीनियर अखिलेश कुमार राजीव नगर स्थित क्वार्टर डी-3/3 में रहते हैं। 25 जुलाई की रात करीब 10 बजे वे ड्यूटी पर गए थे, जबकि उनकी पत्नी और बच्चे पहले से ही पैतृक गांव गए हुए थे। 26 जुलाई की सुबह करीब 6.30 बजे लौटने पर मुख्य दरवाजे की कुंडी टूटी मिली। अंदर कमरे का सामान बिखरा पड़ा था तथा अलमारी का ताला और लॉकर भी टूटा हुआ था। चोर तीन सोने की चेन, दो सोने की अंगूठियां, सोने का सिक्का, चांदी की पायल, चांदी के सिक्के सहित अन्य कीमती जेवर चोरी कर ले गए। इसी दौरान कॉलोनी के क्वार्टर एच-3 में रहने वाले कर्मचारी सौमित्र दुबे के मकान को भी चोरों ने निशाना बनाया। परिवार सहित बाहर गए कर्मचारी के घर का ताला तोड़कर चोर अलमारी का लॉकर तोड़ ले गए। वहां से दो सोने की अंगूठियां, दो सोने के कंगन, मंगलसूत्र, नकदी, चांदी के सिक्के और 10 जोड़ी चांदी की बिछिया चोरी कर ली गई। दोनों मामलों में चोरी गए जेवरों की पूरी कीमत बिल उपलब्ध होने के बाद तय होगी।

**अब एसपी से लगाई गुहार**

चोरी की घटना के कई दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गए जेवरों की बरामदगी नहीं होने से पीड़ितों में नाराजगी है। पीड़ित इंजीनियर अखिलेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक सागर को भी लिखित आवेदन देकर मामले में शीघ्र कार्रवाई, चोरी गए जेवरों की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि घटना की सूचना तत्काल पुलिस चौकी को दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है।

**चौकी प्लांट के अंदर, फिर भी वारदात**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस प्लांट परिसर में पुलिस चौकी संचालित हो, मुख्य प्रवेश द्वार पर चौबीसों घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात हों और बाहरी व्यक्तियों की निगरानी का दावा किया जाता हो, वहां चोर दो मकानों में वारदात कर आसानी से निकल गए। घटना के बाद कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों और उनके परिवारों में दहशत का माहौल है। लोग सुरक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल उठा रहे हैं।

**इनका कहना है**

घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर मामले का खुलासा किया जाएगा।

**धनेन्द्र यादव**
**थाना प्रभारी, भानगढ़**

### शादी का झांसा देकर तीन लाख रुपए और जेवर ठगे, दुल्हन तीन दिन बाद हुई फरार

**बीना जागरण।** शादी कराने के नाम पर तीन लाख रुपये और जेवर लेकर दुल्हन के फरार होने का मामला सामने आया है। खिमलासा थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ग्राम मालासुनेटी निवासी 35 वर्षीय अरविंद अहिरवार की शादी नहीं हुई थी। गांव के परिचित हुकुम अहिरवार ने उसकी शादी कराने का भरोसा दिलाया और अपने रिश्तेदार रामप्यारी अहिरवार के माध्यम से खुरई निवासी रेखा अहिरवार से मुलाकात कराई। इसके बाद 25 मई 2026 को खुरई में दोनों का विवाह कराया गया। शादी के एवज में तीन लाख रुपये तय हुए, जिनमें पहले 50 हजार रुपये दिए गए, जबकि विवाह के दिन शेष दो लाख 50 हजार रुपये नकद हुकुम अहिरवार को सौंप दिए गए। शादी के बाद अरविंद ने रेखा को सोने का मंगलसूत्र, चांदी की एक जोड़ी पायल और एक जोड़ी बिछिया भी पहनाई।

फरियादी ने बताया कि विवाह के बाद रेखा उसके साथ मालासुनेटी आ गई थी। 28 मई की दोपहर करीब 12 बजे वह चूड़ियां पहनने की बात कहकर घर से निकली, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बाद में जानकारी मिली कि हुकुम अहिरवार, रामप्यारी अहिरवार और रेखा अहिरवार ने



मिलकर शादी का झांसा देकर उससे तीन लाख रुपये नकद और जेवर ठग लिए तथा फरार हो गए। फरियादी का कहना है कि आरोपियों ने रुपये और जेवर लौटाने का आश्वासन दिया था, इसलिए उसने तत्काल शिकायत नहीं की। काफी इंतजार के बाद भी रकम और जेवर वापस नहीं मिलने पर उसने 29 जुलाई को खिमलासा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर हुकुम अहिरवार निवासी मंगूस, रामप्यारी अहिरवार निवासी बीना तथा रेखा अहिरवार निवासी खुरई के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2), 318(4) एवं 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश के साथ मामले की जांच कर रही है।

## 18 माह में बदलेगा बीना स्टेशन का स्वरूप, इसी माह शुरू होगा पुनर्विकास कार्य : महाप्रबंधक



**बीना जागरण।** पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने शनिवार को बीना रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसके बाद मीडिया से चर्चा में उन्होंने बीना रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास, यार्ड रीमॉडलिंग और भविष्य की विकास योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीना रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य इसी माह से शुरू किया जाएगा। रेलवे ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को 18 माह में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। परियोजना पूरी होने के बाद बीना स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होकर यात्रियों को बेहतर अनुभव उपलब्ध कराएगा।

महाप्रबंधक ने बताया कि स्टेशन के पुनर्विकास के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

आधुनिक स्टेशन भवन, विस्तृत प्रतीक्षालय, लिफ्ट एवं एस्केलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, पर्याप्त पेयजल सुविधा, व्यवस्थित पार्किंग और आकर्षक स्टेशन परिसर विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीना जंक्शन पश्चिम मध्य रेलवे का महत्वपूर्ण रेल केंद्र है।

**यात्रियों की सुविधा रहेगी प्राथमिकता:** मीडिया के सवालों के जवाब में जीएम ने कहा कि निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से कराया जाएगा, ताकि यात्रियों को न्यूनतम असुविधा हो। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं।

**जनप्रतिनिधियों व संगठनों ने सौंपा ज्ञापन:** निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों, व्यापारिक संगठनों एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने महाप्रबंधक को विभिन्न जनहित संबंधी मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार, पार्किंग व्यवस्था, पहुंच मार्ग, स्वच्छता और अन्य स्थानीय आवश्यकताओं को शामिल किया गया। महाप्रबंधक ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनका परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

### महर्षि सांदीपनि गुरू पर्व पर गुरू शिष्य परंपरा का महत्व बताया




**बीना जागरण।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ.व्ही.के. अग्निहोत्री एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.रेखा बरेठिया ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि डॉ.व्ही.के. अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों से विनम्रता, संस्कार और नैतिक मूल्यों से युक्त जीवन जीने का आह्वान करते हुए कहा कि यही गुण उन्हें सफलता के साथ बेहतर नागरिक भी बनाते हैं।

प्राचार्य डॉ.रेखा बरेठिया ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि गुरु के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने महर्षि सांदीपनि के गुरुकुल एवं उनकी शिक्षाओं की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. एम.एल. सोनी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा अत्यंत प्राचीन, पवित्र और गौरवशाली रही है। वैदिक काल से गुरु को केवल शिक्षक नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शक, संस्कारदाता और व्यक्तित्व का निर्माता माना गया है। वहीं डॉ.नमिता अग्निहोत्री ने महर्षि सांदीपनि द्वारा भगवान श्रीकृष्ण, बलराम एवं सुदामा को गुरुकुल में प्रदान की गई 64 कलाओं की शिक्षा का उल्लेख करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रो.आर.एस. तिवारी ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती वंदना चौबे ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के विशेष कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम में डॉ.सतीश कुमार राय, गौरव नैलवाल, श्रीमती श्वेता दुबे, श्रीमती रिद्धि जैन, सविता सुनहेरे, डॉ.चेतना शर्मा, डॉ.क्रांति मिश्रा, डॉ.गजेंद्र पाठक, धर्मेंद्र सिंह, अरुण नामदेव, हेमलता गुप्ता, श्रीमती लक्ष्मी कोरी सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं सुलेखा बघेल पत्नि राजकुमार बघेल आयु वयस्क निवासी ग्राम भादनेर तह. व जिला रायसेन म.प्र.। मेरे वोटर कार्ड क्र. KCB1348671 में एवं मेरे बच्चो की अंकसूची, मेरे पति के स्थानीय निवास व अन्य वैध दस्तावेजों में मेरा नाम सुलेखा बघेल (SULEKHA BAGHEL) दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम सुरेखा (Surekha) दर्ज है। यह कि यह सुलेखा बघेल (SULEKHA BAGHEL ) व सुरेखा (Surekha) एक ही महिला के नाम हैं जो कि मेरे हैं एवं मुझे सुलेखा बघेल SULEKHA BAGHEL) व सुरेखा (Surekha) के नाम से जाना जाता है। अत: भविष्य में मेरे सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंकिंग एवं अन्य समस्त अभिलेखों में मेरा नाम "सुलेखा बघेल SULEKHA BAGHEL )" ही पढ़ा, लिखा एवं मान्य किया जाए।

27 दिवसीय शिव महोत्सवः पार्थिव शिवलिंग निर्माण के बीच गूंजी नन्दी की अनन्य भक्ति

# नन्दी की तपस्या से प्रसन्न हुए महादेव, दिया अमरत्व और गणाध्यक्ष होने का वरदान

**जागरण, गंजबासौदा।**

सच्ची भक्ति, तप और पूर्ण समर्पण से भगवान शिव की कृपा अवश्य प्राप्त होती है। मृत्यु के संकेत से विचलित होने के बजाय नन्दी ने अटूट श्रद्धा और तपस्या का मार्ग चुना, जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अमरत्व, गणाध्यक्ष पद और अपना वाहन बनने का वरदान दिया। भगवान शिव के परम भक्त नन्दी के जन्म, तपस्या और शिव कृपा के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। श्रावण मास के पावन अवसर पर श्री राम-जानकी मंदिर, राजेंद्रनगर के खेड़ापति गौशाला में आयोजित 27 दिवसीय असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भगवान शिव के 84 अवतार चरित्र वर्णन महोत्सव का वातावरण पूरी तरह शिवमय बना हुआ है।



महोत्सव के तीसरे दिन शिव कथा वाचक पंडित धर्मेन्द्र भार्गव ने कहा कि भगवान शिव के परम भक्त नन्दी केवल उनके वाहन ही नहीं, बल्कि अटूट श्रद्धा, समर्पण और गुरु-भक्ति के प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि संतान प्राप्ति की कामना से महर्षि शिलाद ने वर्षों तक कठोर तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने अपने अंश से उन्हें दिव्य पुत्र नन्दी का वरदान दिया। बाल्यकाल में मित्र और वरुण ऋषियों ने नन्दी की अल्पायु का संकेत दिया, जिससे महर्षि शिलाद चिंतित हो उठे। लेकिन नन्दी ने परिस्थितियों से विचलित होने के बजाय भगवान शिव की अखंड आराधना और घोर तपस्या का मार्ग चुना।

कथा में बताया गया कि नन्दी की अनन्य भक्ति और कठोर तप से प्रसन्न होकर भगवान शिव माता पार्वती के साथ प्रकट हुए। उन्होंने नन्दी को अमरत्व का वरदान देते हुए गणाध्यक्ष का पद प्रदान किया तथा अपना वाहन और प्रथम गण घोषित किया। कथावाचक ने कहा कि भगवान शिव अपने सच्चे भक्तों की परीक्षा अवश्य लेते हैं, लेकिन उनकी निष्ठा और विश्वास कभी व्यर्थ नहीं जाता। दृढ़ संकल्प, तप, सेवा और समर्पण से जीवन की कठिन से कठिन बाधा भी दूर हो सकती है। कथा के दौरान भगवान शिव की महिमा से जुड़े अनेक प्रसंगों का भी वर्णन किया गया। कथा से पूर्व प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया। इसके बाद विधि-विधान से रुद्राभिषेक, अभिषेक पूजन, बिल्वपत्र, धतूरा, पुष्प एवं जल अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का पूजन किया गया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक पार्थिव शिवलिंग निर्माण में भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाया। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जहां श्रावण मास की भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष वातावरण दिखाई दे रहा है। दूर-दूर से श्रद्धालु कथा श्रवण और शिव आराधना के लिए पहुंच रहे हैं। पूरे परिसर में बोल बम, हर-हर महादेव और ? नमः शिवाय के जयघोष गूंजते दिखाई दिए। शिव अनुष्ठान के आयोजक श्री राम-जानकी मंदिर, खेड़ापति के महंत गौसेवी संत वृंदावन दास जी ने बताया कि श्रावण मास भर यह धार्मिक महोत्सव प्रतिदिन प्रातः पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक एवं सायंकाल भगवान शिव के 84 अवतारों की कथा के साथ निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान शिव की आराधना एवं कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की।

# गुरू चरणों में उमड़ी भक्ति, दीक्षा और भंडारे के साथ संपन्न हुआ तीन दिवसीय महोत्सव

**जागरण, गंजबासौदा।** वेदांत आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का समापन शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के बीच संपन्न हुआ। समापन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने विशाल भंडारे में प्रसादी ग्रहण की, जबकि बड़ी संख्या में भक्तों ने जगद्गुरु डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज से गुरु दीक्षा लेकर आध्यात्मिक जीवन का संकल्प लिया। इस दौरान वर्ष 2027 में होने वाली 11 दिवसीय शिव महापुराण कथा की घोषणा भी की गई, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।



गुरु पूर्णिमा उत्सव को लेकर अपने आध्यात्मिक प्रवचन में शनिवार को समापन बेला पर जगद्गुरु डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने कहा कि संसार में सच्चा साथी केवल सद्गुरु होता है। गुरु के बिना जीवन अंधकारमय है और मुक्ति का मार्ग भी गुरु के बिना संभव नहीं। मित्र और गुरु ऐसे संबंध हैं, जिनके घर जाने के लिए किसी निमंत्रण की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने कहा कि गुरु केवल शिक्षा देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्गदर्शक होता है। गुरु ही अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। गुरु का सान्निध्य मनुष्य को अनुशासन, धैर्य, सेवा, संस्कार और आत्मविश्वास प्रदान करता है। शास्त्रों में भी कहा गया है गुरु बिन ज्ञान नहीं। गुरु के मार्गदर्शन से ही मनुष्य अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त कर सकता है। तीन दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, भजन, सत्संग और गुरु वंदना के कार्यक्रम हुए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समापन पर सभी ने गुरु चरणों में श्रद्धा अर्पित कर समाज और राष्ट्र के कल्याण की कामना की।

वेदांत आश्रम में आगामी 3 जनवरी से 13 जनवरी 2027 तक भव्य शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन जगद्गुरु डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज करेंगे। आश्रम के महंत हरिहर दास जी महाराज ने बताया कि गंजबासौदा की पावन भूमि को वर्ष 2027 में इस विराट धार्मिक आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। कथा की तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दी जाएंगी। शिव महापुराण के साथ अनेक धार्मिक अनुष्ठान, यज्ञ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। देश ही नहीं, विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के कथा में शामिल होने की संभावना है।

## एडीम ने किया मूंग खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

**जागरण, गंजबसौदा।** क्षेत्र के किसानों को उपज बेचने में कोई परेशानी न हो, इसे लेकर प्रशासन अब सख्त नजर आ रहा है। शनिवार को अपर कलेक्टर अनिल डामोर और अनुविभागीय अधिकारी अनुभा जैन ने जीवाजीपुर स्थित मूंग उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर कई कमियां पाई गईं, जिस पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई और व्यवस्थाओं को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए। एडीएम ने समिति प्रबंधक को कड़े निर्देश दिए हैं कि अगले 20 दिनों तक किसानों के लिए केंद्र पर सभी आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्र पर अब तक खरीदी गई मूंग के सैंपलों की गुणवत्ता को खुद देखा और परखा। केंद्र पर छांव, ठंडे पानी, बैठने की व्यवस्था और तौल कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने की हिदायत दी गई है ताकि किसानों को लंबा इंतजार न करना पड़े। अधिकारियों ने साफ किया है कि उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि तय समय सीमा में व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं, तो संबंधित पर कार्यवाही की जायेगी।

## त्योंदा रोड पर निर्माणाधीन मकान का हिस्सा ढहा, मलबे में दबकर युवक घायल



**जागरण, गंजबासौदा।** त्योंदा रोड स्थित एक निर्माणाधीन मकान का हिस्सा शनिवार को अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में एक व्यक्ति मलबे की चपेट में आकर घायल हो गया। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मकान मालिक राजू रघुवंशी अपने पुराने मकान को तोड़कर नया मकान बनवा रहे थे। निर्माण कार्य के दौरान उनका छोटा भाई रवि रघुवंशी (40 वर्ष) मकान के नीचे खड़ा था। इसी दौरान मकान का एक हिस्सा अचानक ढह गया और रवि मलबे की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों की मदद से रवि रघुवंशी को तत्काल मलबे से बाहर निकाला गया और प्राथमिक उपचार के लिए शासकीय अस्पताल, गंजबासौदा भेजा गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उन्हें चोटें आई हैं, हालांकि उनकी स्थिति के संबंध में विस्तृत चिकित्सीय जानकारी अभी प्राप्त नहीं हो सकी है। शहर थाना पुलिस मौके पर मौजूद है और घटना के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में मनाया बेगलेस-डे



**जागरण, गंजबासौदा।** स्थानीय बेहलोट स्थित स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में एन ई पी 2020 के अंतर्गत बेगलेस डे आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों को बिना अध्ययन सामग्री, आधे दिन के लिए बुलाकर गतिविधियों पर आधारित कार्यशाला के माध्यम से जीवन उपयोगी विभिन्न विषय जैसे पर्यावरण, सिलाई, कढ़ाई, इलेक्ट्रिसिटी से सम्बंधित स्किल सिखाई। बेगलेस डे का शुभारम्भ पर्यावरणीय गीत धरती को रखना हरा भरा गाकर किया, ततपश्चात विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने बेगलेस डे के उद्देश्य को बताते गतिविधियों द्वारा विद्यार्थियों को कौन कौन से विषय सीखना है उसकी भूमिका रखी।

विद्यालय के संचालक रूपेश लाड़ ने पर्यावरण पाठशाला ओर एन एस पी सी की जानकारी दी और बच्चों से पर्यावरण संरक्षण में वो अभी क्या क्या कर रहे है पूछा ? उन्होंने कहा कि केवल पेड़, पौधे लगाना ही पर्यावरण नही होता। इसके साथ आप दिन में कितने प्रकार के केमिकल का उपयोग घर मे करते हो। जैसे नहाने का साबुन, कपड़े धोने का साबुन,फेस वॉश, बॉडी लोशन, हैंड वाश, हेयर आयल, वाशिंग पाउडर, फेस पाउडर, लिकविड सोप, फ्लोर क्लीनर, टॉयलेट क्लीनर आदि 35 प्रकार के केमिकल का उपयोग हम प्रतिदिन करते है। यदि एक दिन का हम केमिकल ब्रत का संकल्प ले तो धरती माता को प्रदूषण से बचा सकते है। सिलाई ओर कढ़ाई के बारे में शिक्षिका बबिता ओर आरती ने सुई धागा से बटन टाकना, तुरपन करना एवम हाथ से एम्ब्रायडरी बनाना सिखाया।

विद्यालय के शिक्षक पीयूष एवम संदीप ने विधुत सर्किट, इलेक्ट्रिसिटी में वायर के रंगों और ऐसी डीसी करंट तथा फेस,अर्थ के बारे में, बल्ब ओर अन्य उपकरणों के काम करने को प्रेक्टिकल करके दिखाया। कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को पेपर कटिंग से फ्लावर, नाव, झूला, झालर, पर्स आदि क्राफ्ट के आयटम मुस्कान एवम शिवानी ने बनाना बताया।

## जरोद में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या पुलिस जांच में जुटी

**जागरण, गंजबासौदा।** नगर से करीब 10 किलोमीटर दूर अंबानगर चौकी क्षेत्र के ग्राम जरोद में एक 24 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार सरवर पिता तरवर, उम्र 24 साल ने शाम के समय घर में फांसी लगा ली। परिजनों को जब इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने तुरंत दरवाजा तोड़कर युवक को नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही अंबानगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल गंजबासौदा भेजा। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## न्यूज कार्नर

### लोक सेवा गुरूकुल में 100 से अधिक छात्र प्रतिदिन ले रहे निःशुल्क कोचिंग

**छतरपुर ।** नीति आयोग अंतर्गत सिंचाई कॉलोनी छतरपुर में स्थापित ग्रंथालय (सेंट्रल लाइब्रेरी) में जिला प्रशासन की पहल पर लोकसेवा गुरुकुल प्रतिदिन निःशुल्क छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग प्रदान कर रहा है। अभी यहां प्रतिदिन 100 से अधिक छात्र छात्राएं लाभान्वित हो रहीं है। लाइब्रेरी में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने कोचिंग में बच्चों को भारत एवं मध्यप्रदेश की जनजातियों के बारे में पढ़ाया। उन्होंने बताया कि जल्द ही लाइब्रेरी से विश्वस्तरीय कोचिंग संस्थान जुड़ेंगे। जिससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में अमूल्य लाभ मिलेगा। जिला पंचायत सीईओ ने विद्यार्थियों को अध्ययन की प्रभावी रणनीति बताते हुए कहा कि किसी भी विषय को पढने् से पहले उसके सभी संभावित आयामों की रूपरेखा तैयार करें। इसके बाद क्रमबद्ध तरीके से उत्तर लेखन का अभ्यास करें। उन्होंने बताया कि विषय को उदाहरणों और व्यावहारिक दृष्टिकोण से जोड़कर पढने् पर वह लंबे समय तक स्मरण रहता है। इस दौरान उन्होंने जनजाति विषय को पढने् की विधि समझाई तथा विद्यार्थियों को अभ्यास हेतु गृहकार्य भी दिया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा संचालित लोक सेवा गुरुकुल कोचिंग संस्थान में पीएससी, एमपीपीएस, एसएससी एवं ईएसबी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कक्षाएँ 9 जुलाई 2026 से संचालित की जा रही हैं। कक्षाएँ प्रत्येक गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को सायं 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित होती हैं। संस्थान में विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं, जिनमें डॉ. पी.पी. शुक्ला (भूगोल) असिस्टेंट प्रोफेसर , विजय डेहरिया (संविधान)डिप्टी कलेक्टर , आयुष जैन (बायोलॉजी)डिप्टी कलेक्टर, आयशा अंसारी (कंप्यूटर) डिप्टी कलेक्टर, पीयूष दीक्षित (इतिहास) तहसीलदार , पुरुषोत्तम विश्वकर्मा (गणित) तथा नरेन्द्र पाण्डेय (अंग्रेज़ी) शामिल हैं।

# विश्वविद्यालय प्रशासन पर परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी के आरोप, छात्र बैठे आमरण अनशन पर

**जागरण,छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुदेंलखड विश्वविद्यालय छतरपुर एक बार परीक्षाओं को लेकर फिर चर्चा में आ गया है। क्योंकि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी की गई सीसीए परीक्षा में उपस्थित रहने के बाद भी छात्रों की अब्सेन्ट लगा दी गई। जिसके विरोध में छात्रों ने महाराजा छत्रसाल बुदेंलखड़ विश्वविद्यालय गेट के सामने शुक्रवार को अनशन पर बैठ गए थे और आज शनिवार को छात्रों ने अनशन को आमरण अनशन में बदल दिया है। छात्रों का कहना है कि जबतक उनकी मांग पूरी नही होती तब तक वह अनशन में बैठे रहेगे जरूरत पड़ी तो प्रदर्शन करेंगे और छत्रसाल चौराहे पर जाम भी लगाएगे छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि भ्रष्टाचार बंद करो छात्र हित में निर्णय लो न्याय दो या फिर कुर्सी छोड़ो।




**क्या है छात्रों की मांगे**

आमरण अनशन पर बैठे छात्रों की जो प्रमुख मांगे है उनमें परीक्षा परीणामों में हुई अनियमितताओं और कथित घोटाले की निष्पक्ष जांच हो छात्रवृत्ति वितरण में हुई अनियमितताओं एवं कथित घोटाले की उच्च स्तरीय जांच हो। सभी विधार्थियो को समय पर एवं त्रुटी रहित परीक्षा परिणाम उपलब्ध कराए जाए पात्र बिद्यार्थियों की छात्रवृत्ति शीघ्र जारी की जाए। विश्वविद्यालय की समस्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अव्यवस्थाओं में सुधार हो दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्व कठोर कार्यवाही की जाए इन मांगों को लेकर छात्र दो दिन से आमरण अनशन पर बैठे हुए है। लेकिन अभी तक उनकी मांगों पर कोई सुनवाई नही हुई है जिससे छात्रो का यह आंदोलन उग्र रूप धारण कर सकता है। पहले दिन छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वारों पर ताला जड़ दिया था और अंदर की बिजली सप्लाई भी बंद कर दी थी जिस कारण विश्वविद्यालय के कुलगुरू और प्रशासनिक अमला परिसर के अंदर ही कैद होकर रह गया था। छात्रों का आरोप है कि उन्होने समय पर अपने सीसीए जमा किए थे और परीक्षा में शामिल हुए थे लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन और परीक्षा विभाग की घोर लापरवाही के कारण उन्हें अनुपस्थित कर दिया गया जिससे उनका भविष्य अंधकार में लटक गया है। छात्र विवेक का कहना था कि जब तक विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी मांगे पूरी करके छात्र हित में न्याय नहीं करता है तब तक उनका आमरण अनशन जारी रहेंगा।

**छात्रों से मांगे परीक्षा के प्रमाण- कुलसचिव**

महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलसचिव यशवंत पटेल ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से प्रतिनिधि मंडल ने अनशन पर बैठे छात्रों से मुलाकात करके चर्चा की और छात्रों से यह कहा गया कि यदि आपने सीसीए की परीक्षा दी है तो उसका प्रमाण दें। छात्रों का परीक्षा में उपस्थिति दर्शाया जाएंगा और इस मामले की पूरी जांच कराएंगे।

# स्कूल समय में भारी वाहनों की आवाजाही से बच्चों की जान पर खतरा

**छतरपुर ।** जिले के जुझारनगर थाना क्षेत्र के दिदवारा गांव में शुक्रवार को स्कूली बच्चों ने अपनी सुरक्षा की मांग को लेकर कुछ समय के लिए मुख्य सड़क पर जाम लगाकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। क्रेशर मंडी के रूप में प्रसिद्ध दिदवारा गांव में भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से परेशान छात्र-छात्राओं ने प्रशासन से स्कूल समय में ट्रकों और डंपरों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सड़क पर एकत्र हुए और भारी वाहनों के कारण उत्पन्न खतरे के खिलाफ आवाज उठाई। करीब दो घंटे बाद बच्चों ने स्वयं ही सड़क से जाम हटाकर यातायात सुचारु कर दिया। छात्रों का कहना है कि गांव के पास संचालित क्रेशर मंडी के कारण दिनभर ओवरलोड ट्रक और डंपर तेज रफ्तार से गुजरते हैं। ऐसे में विद्यालय आने-जाने के दौरान हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कई बार स्थानीय लोग भी सड़क हादसों का शिकार हो चुके हैं, जिससे बच्चों और अभिभावकों में भय का माहौल है। प्रदर्शन कर रहे बच्चों ने बताया कि भारी वाहनों से उडने् वाली धूल के कारण सांस लेने और सड़क पर चलने में परेशानी होती है। वहीं लगातार भारी वाहनों के आवागमन से सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है। छात्रों और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि स्कूल खुलने और छुट्टी के समय इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित की जाए। उनका कहना है कि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह कदम अत्यंत आवश्यक है।

**सड़क जाम कर छात्रों ने किया विरोध**

प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई और भारी वाहनों के संचालन के लिए समय सीमा निर्धारित नहीं की गई, तो वे आगे और बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने भी बच्चों की मांग का समर्थन करते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की। मामले में एसडीएम आयुष जैन ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सभी क्रेशर संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें सख्त दिशा-निर्देश दिए जाएंगे तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। बच्चों के विरोध प्रदर्शन के बाद अब सभी की नजर जिला प्रशासन पर है कि स्कूली समय में भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

# मां शारदा एजुकेशन हॉस्टल की छत से कूदकर रात को भागे तीन नाबालिग

**जागरण,छतरपुर ।** जुलाई का महीना शुरू होते ही शहर में प्राइवेट आवासीय छात्रावास शुरू हो जाते हैं लेकिन इन छात्रावासों में कोई सुरक्षा की व्यवस्था नहीं रहती है। ऐसा ही एक छात्रावास मां शारदा एजुकेशन हॉस्टल सौरा रोड में संचालित हो रहा है और इस छात्रावास से रात 12 बजे के बाद छत से कूदकर तीन नाबालिक बच्चे भाग गये, जिससे छात्रावास की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह उठ रहा है। रात को ही परिजनों को बच्चों के भागने की सूचना दी गई तथा पुलिस को भी सूचित किया गया। छात्रावास के संचालक राजकुमार पाल ने यह स्वीकार किया कि उनकी लापरवाही से बच्चे भागे हैं। उनका कहना है कि देर रात चौकीदार भी सो जाता है जिससे तीन बच्चे जिनमें सत्यम पटेल 14 वर्ष सहित दो अन्य बच्चे छत से कूदकर भाग खड़े हुए। उन्होंने यह भी बताया कि रेलवे स्टेशन पर यह बच्चे देखे गये हैं। सत्यम पटेल कक्षा 10 का छात्र है। भागे हुए बच्चों में बांदा और चंदला के बच्चे बताए जा रहे हैं। माँ शारदा एजुकेशन हॉस्टल को न तो प्रशासन की ओर से मान्यता है और न ही शिक्षा विभाग की ओर से कोई मान्यता मिली है। फिर भी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से मनमानी फीस बसूल करके छात्रों को हॉस्टल में भर्ती किया जा रहा है। लेकिन सुरक्षा के कोई प्रबंध नहीं है और न ही भोजन की सही व्यवस्था है। छात्रों के भागने को लेकर उनके अभिभावकों में भारी रोष देखा जा रहा है। आपको बता दें कि शहर में अकेले यही छात्रावास नहीं बल्कि सैकड़ों छात्रावास संचालित हो रहे हैं। जिनमें सुरक्षा के कोई प्रबंध नहीं हैं। और न ही छात्रावास संचालकों ने छात्रावास संचालन के संबंध में संबंधित थाने में कोई सूचना दी है। लापता छात्रों की पहचान बराखेरा निवासी कक्षा 10 के छात्र सत्यम पटेल, चंदला निवासी कक्षा 9 का छात्र दीपक पटेल, और किसनीपुरवा बांदा निवासी कक्षा 9 के छात्र अंकित पटेल के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों से हॉस्टल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अभिभावकों को नहीं पता स्कूल का नाम जो छात्र सत्यम पटेल स्कूल से भागा है उसके पिता मातादीन पटेल को हॉस्टल का नाम तो पता है लेकिन यह नहीं पता कि उनका बच्चा किस स्कूल में पढ़ता है। मीडिया के लोगों ने छात्र सत्यम पटेल के पिता से पूछा कि आपका बच्चा किस स्कूल में पढ़ता है तो उसके पिता ने कहा कि स्कूल का नाम मुझे पता नहीं है। मातादीन पटेल का यह भी आरोप है कि हॉस्टल संचालक से पूछा गया तो उन्होंने कोई संतोषजनक जबाव नहीं दिया।

**हॉस्टल की महिला पर परेशान करने का आरोप** हॉस्टल संचालक राजकुमार पाल के अनुसार तीनों छात्र जाते समय एक पत्र भी छोड गये जिसमें लिखा है कि हॉस्टल की एक महिला उन्हें परेशान करती थी जिस कारण वह हॉस्टल छोडकर जा रहे हैं। हालांकि हॉस्टल प्रबंधन ने यह आरोप छात्रों द्वारा छोडे गये पत्रों के आधार पर लगाये हैं। वहीं अब इस तरह की घटना से शहर में संचालित हो रहे अन्य छात्रावासों में रहने वाले बच्चों की सुरक्षा पर सबाल खड़े हो रहे हैं।

**कौन लेगा छात्रावासों की जिम्मेदारी** शहर में चल रहे हॉस्टलों की जिम्मेदारी अब कौन लेगा क्योंकि शिक्षा का विभाग का कहना है कि एसडीएम द्वारा नगरपालिका को छात्रावासों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी।

## कार्यालय नगर परिषद खरगापुर जिला टीकमगढ़

क्र./लोक निर्माण/निविदा/2026/1396 खरगापुर दिनांक 31.07.2026

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली के अंतर्गत 'म.प्र. लोक निर्माण विभाग' में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु लमसम आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि (वर्षाकाल सहित) एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_526181_1 01-08-2026 | वार्ड क्र. 07 में स्थित पानी की टंकी तोड़ने का कार्य | 1- 01 माह<br>2- 5.00 लाख | 1- 2000.00<br>2- 5000.00 | 17-08-2026 |

नोटः-

1. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।
2. निविदाकार अपनी दरे लमसम आधार पर जी.एस.टी. राशि सहित प्रस्तुत करे । पृथक से जी.एस.टी. राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा । देयक से नियमानुसार करों की कटौती की जावेगी ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद
खरगापुर जिला टीकमगढ़

### केवल एक बार बदल सकेंगे उपार्जन केन्द्र

**सीहोर।** किसानों की सुविधा एवं उपार्जन केन्द्रों पर अनावश्यक भीड़ से बचाव के लिए स्लॉट बुकिंग व्यवस्था में संशोधन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिन किसानों ने पहले से किसी उपार्जन केन्द्र के लिए स्लॉट बुक कर लिया है और वे अपना उपार्जन केन्द्र बदलना चाहते हैं, वे पोर्टल पर उपलब्ध स्लॉट बुकिंग विंडो के माध्यम से अपने पहले से बुक किए गए स्लॉट को डिलीट कर नए उपार्जन केन्द्र के लिए पुनः स्लॉट बुक कर सकते हैं।


# जागरण विदिशा

विदिशा, 02 अगस्त 2026 | शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर | www.dainikjagranmpcg.com


### जिले में औसत 504.2 मिमी बारिश दर्ज

**सीहोर।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त दैनिक वर्षा रिपोर्ट के अनुसार 01 अगस्त को जिले में औसतन 15.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 26.0 मिमी वर्षा आष्टा एवं बुधनी तहसीलों में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा सीहोर में 23.2 मिमी, इछावर में 19.0 मिमी, रेहटी में 14.6 मिमी, भैरूंदा में 9.0 मिमी तथा श्यामपुर में 6.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जावर तहसील में वर्षा दर्ज नहीं की गई।



# चौंकिए मत...यह गौशाला नहीं, विदिशा का मुक्तिधाम है...

## शहर के विकास की तस्वीर, यहां जीवन की अंतिम यात्रा का रास्ता भी आसान नहीं

जागरण विदिशा

पिछले वर्षों में विकास के नाम पर शहर में करोड़ों की लागत के शासकीय भवन बने, जिला अस्पताल भवन, मेडिकल कॉलेज, आडीटोरियम, रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण, कई पुल और पुलियाएं, हाइवे बायपास आदि विकास कार्य हुए लेकिन जीवन की अंतिम यात्रा का एक मात्र स्थल मुक्तिधाम की तस्वीर नहीं बदल पाई। अब तो तस्वीर यह सामने आ रही कि मुक्तिधाम जहां गोशाला में तब्दील दिखाई देने लगा तो वहीं मुक्तिधाम का रास्ता भी इतना कठिन हो गया कि बारिश में इस मार्ग पर चलना आसान नहीं रहा है।





मालूम हो कि शहर में विकास के नाम पर तमाम योजनाएं बनती आई हैं। स्वीकृति भी मिलती रही और विकास कार्य के लिए करोड़ों की राशि भी शासन से आती रही, लेकिन शहर में जहां हर व्यक्ति को आखिर में पहुंचना होता है वह मुक्तिधाम स्थल कभी जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों की प्राथमिकता में नहीं रहा। असरदार लोगों ने अपने घर, घरों के आसपास, अपने वार्डों को सुविधायुक्त बनाने के हर संभव प्रयास किए, लेकिन मुक्तिधाम तो पूरे शहर में एक ही है ऐसे में सभी जनप्रतिनिधियों को संयुक्त रूप से इस दिशा में जो प्रयास करने थे, ऐसा वर्षों बाद भी नहीं हो रहा और मुक्तिधाम की व्यवस्थाएं दुखद होती जा रही है। यह एक ऐसा स्थान जहां हर दिन औसतन तीन-चार लोग और कई बार एक के बाद एक पांच शव अंतिम संस्कार के लिए पहुंचते हैं और व्यवस्थाएं कम पड़ जाती है।

### पहुंच मार्ग भी बदहाल

वहीं मुक्तिधाम का पहुंच मार्ग भी बारिश के दौरान बदहाल हो गया है। ऐसा पहला मौका नहीं है। हर बार बारिश के दिनों में मुक्तिधाम में यह स्थिति बनती है, लेकिन बारिश पूर्व इस मार्ग को दुरुस्त किया जा सके ऐसे प्रयास कभी होते नहीं दिखें जब अंतिम यात्रा में लोग कीचड़ से होकर गुजरते हैं तो शहर विकास के सारे दावे खोखले साबित होते हैं। अंतिम यात्रा में परिवार के ऐसे भी लोग होते हैं जो पैदल कीचड़ में चलते हैं तो उनकी व्यथा का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। वहीं इस पहुंच मार्ग पर ईंटों का व्यवसाय भी चलने के कारण ट्रेक्टर-ट्रालियों की लंबी कतारें भी लगने लगी है और ऐसे में अंतिम यात्रा में वाहनों से आने वाले लोगों को भी समस्या आने लगी है। जागरुक नागरिकों का कहना है कि मुक्तिधाम को अन्य कार्यों की तरह ही प्राथमिकता में लिया जाना चाहिए और यहां लोग बारिश में भींगने से अपना बचाव कर सकें वहीं लोगों के बैठने की भी पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। पहुंच

### हर तरफ मवेशियों का डेरा और गंदगी

हालत यह कि बारिश के इन दिनों में मुक्तिधाम हर तरफ मवेशियों का ठिकाना बना हुआ है। गौवंश जिनका स्थान गौशालाओं में होना चाहिए , लेकिन यह जिम्मेदारी कौन उठाए किसी को नहीं सूझ रहा और ऐसे में इन मवेशियों को बारिश से बचने के लिए मुक्तिधाम में शरण लेना पड़ रहा है और शव यात्रा में आने वाले लोग परेशानियों से जूझते रहते हैं। पूर्व में मुक्तिधाम के लिए बाउंड्रीवाल बनना भी तय हुआ था, पूर्व में मुक्तिधाम के सौदर्यीकरण के लिए भी योजनाएं बनती रही पर इस स्थान को प्राथमिकता में न लेना ही मानें की शहर में यह स्थल वर्षों से उपेक्षित है और शहर में हुए विकास कार्य इस स्थल की उपेक्षा के कारण फीके नजर आते हैं।

मार्ग को शीघ्रता से दुरुस्त किया जाना भी जरूरी है वहीं शहर में अभी यह अकेला मुक्तिधाम है इसलिए रेलवे लाइन पार क्षेत्र में भी एक और सुव्यवस्थित मुक्तिधाम बनाया जाना चाहिए।

### मुक्तिधाम में जरूरी है बाउंड्रीबॉल

बेतवा तट स्थित इस मुक्तिधाम में वर्षों से बाउंड्रीबॉल नहीं है, जिससे मवेशी सहित अन्य पशु प्रवेश कर जाते हैं। पूर्व में बाउंड्रीबॉल के लिए टेंडर भी हुए थे, लेकिन यह कार्य नहीं हो सका। चारों तरफ से खुला होने से मवेशी बे-रोकटोक मुक्तिधाम परिसर में एकत्रित हो जात हैं। पूर्व में कई बार इस स्थान के विकास के लिए योजनाएं बनती रहीं, लेकिन फाइलों से बाहर नहीं आ पाईं और मुक्तिधाम की दिशा और दशा वर्षों बाद भी नहीं बदल पाई है। वहीं इस संबंध में मुक्तिधाम सेवा समिति के सचिव मनोज पांडे से चर्चा की गई तो उनका कहना रहा कि बाउंड्रीबॉल न होने से मवेशियों की समस्या आ रही है। वहीं कंडा वाले कक्ष के बगल के कमरे की छत भी ढहने की स्थिति में है। मुक्तिधाम का पहुंच मार्ग एक वर्ष पूर्व ही बना था, लेकिन पाइप लाइन डलने के कारण यह खराब हो गया और पहुंच मार्ग में कीचड़ की स्थिति बन रही है।

## ओलंपस स्कूल में हुआ सेवा को नमन विषय पर कार्यक्रम

### गांधीजी के विचारों और सादगीपूर्ण जीवन से विद्यार्थियों ने सीखी बचत व आत्मनिर्भरता

**जागरण विदिशा।** गांधी सुमिरन एवं सर्वोदय मंडल के सहयोग से ओलंपस हाई विद्यालय में सत्य अहिंसा और सेवा को नमन विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के विचारों, उनके रचनात्मक कार्यों तथा विद्यार्थियों के जीवन में गांधीवादी मूल्यों की प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की गई।



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर चित्तरंजन मिश्र, पूर्व कुलपति अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा ने महात्मा गांधी की विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने गांधीजी के सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन, सादगी और आत्मानुशासन के सिद्धांतों को विद्यार्थियों के समक्ष सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रोफेसर मिश्र ने विशेष रूप से गांधीजी के स्वयं अपना कार्य करने और श्रम के प्रति सम्मान के विचार पर चर्चा की। इसी क्रम में विद्यालय में गुल्लक संचय अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में बचत, अनुशासन, मितव्ययिता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। यह अभियान डॉक्टर सुरेश गर्ग की प्रेरणा से हमारी जीवन दायनी बेतवा को समर्पित कार्यक्रम है।

कार्यक्रम में सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद द्विवेदी ने भी गांधी सुमिरन एवं सर्वोदय संस्था द्वारा गांधीजी की विचारधारा को समाज और नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों और पहलों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गांधीजी का प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीर परायी जाने रे गाया और अतिथियों द्वारा गांधीजी के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्कूल संस्थापक यशपाल रघुवंशी, संचालक मोहित एवं प्राची रघुवंशी, केएन शर्मा, डॉक्टर राजेश बंसल, सुलखान सिंह हाड़ा, कमलेश दुबे, टीएन श्रीवास्तव, अशोक अग्रवाल, शिक्षक एवं विद्यार्थी सम्मलित हुए।

## कुशाभाऊ ठाकरे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बीकॉम तृतीय वर्ष परीक्षा परिणाम में मारी शत-प्रतिशत बाजी

**जागरण विदिशा।** बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीकॉम तृतीय वर्ष परीक्षा परिणाम में कुशाभाऊ ठाकरे महाविद्यालय ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्ज करते हुए उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी सफल रहे, जबकि पांच विद्यार्थियों ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विशेष स्थान बनाया। परिणाम के अनुसार पलक विश्वकर्मा ने 82.69 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोमप्रताप सिंह ने 79 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय, राजकुमारी अहिरवार ने 76.89 प्रतिशत के साथ तृतीय, काजल चौरसिया



ने 76 प्रतिशत के साथ चतुर्थ तथा अनुज शर्मा ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान हासिल किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की चेयरमैन रश्मि शरण एवं समस्त स्टाफ ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी महाविद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

## समरसता संकल्प अभियान कलश यात्रा का विधायक व कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

जागरण विदिशा

संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जयंती वर्ष पर समरसता संकल्प अभियान कलश यात्रा का विदिशा में स्वागत किया। वाराणसी से प्रारंभ हुई समरसता संकल्प अभियान कलश यात्रा के विदिशा आगमन पर श्रद्धापूर्वक कलश पूजन एवं स्वागत कर संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के समरसता, समानता, सेवा और मानव कल्याण के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया।



इस अवसर पर प्रदेश कार्यक्रम संयोजक सुमेर सिंह सोलंकी, पूर्व सांसद सहसंयोजक एवं विधायक प्रदीप लारिया, विधायक मुकेश टंडन, अनिल सोनकर, पंकज पांडे, सुरेंद्र सिंह चौहान, प्रशांत खत्री, अंकित दुबे, रामेश्वर किरार, राकेश धाकड़, मुकेश चौकसे, विनोद सोलंकी, राजेश जाटव, लालाराम चौधरी आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संत गुरु रविदास का जीवन हमें सामाजिक समरसता, समानता और मानव सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आइए उनके बताए आदर्शों को अपनाकर एक समरस, सशक्त और विकसित समाज के निर्माण का संकल्प लें।

## निकली महाकाल की शाही सवारी व कावड़ यात्रा

### कल उदयपुर पहुंचकर मां बेतवा के जल से नीलकंठेश्वर का होगा जलाभिषेक

जागरण विदिशा

श्रावण मास में आस्था का सैलाब एक बार फिर देखने को मिला। श्री महागौरी मंदिर बोल बम कावड़ यात्रा सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित 11वीं कावड़ यात्रा एवं बाबा महाकाल की शाही सवारी शनिवार को धूमधाम से निकाली गई।



कावड़ियों ने सुबह 9 बजे बेतवा नदी के बंगला घाट से कावड़ भरकर महागौरी माता मंदिर, डंडापूरा से यात्रा प्रारंभ की। डीजे की धुन और ढोल के धमाकों के साथ निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोले के भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। मुख्य अतिथि के रूप में श्री 1008 संत वीरेन्द्र दास महाराज तिगरा टोहरी आश्रम, पंडित अंकितकृष्ण तिनगुरिया, पं. विशालकृष्ण महाराज, पं. मोहित वैष्णव, पं. अनिल महाराज आदि शामिल हुए।

यात्रा डंडापुरा से प्रारंभ होकर बड़ा बाजार, तिलक चौक से होते हुए माधवगंज, शिवालय, कांच मंदिर, पहुंची। यहां शिवालय कांच मंदिर में बाबा महाकाल की आरती की गई। इसके बाद यात्रा पीतरमिल चौराहा, कुआंखेड़ी, गुलाबगंज, बासौदा, मार्ग से होते हुए श्रावण मास के प्रथम सोमवार को उदयपुर धाम पहुंचेगी। जहां सभी भक्त बाबा महाकाल का जलाभिषेक करेंगे पूरे मार्ग में शिवभक्त बोल बम के जयकारों के साथ कावड़ लेकर चले।

कावड़ यात्रा में शामिल कावड़ यात्रा आयोजक शिव सोनी, अध्यक्ष आशु सोनी, संरक्षक गौरव सेन, सोमेश कुशवाह, कावड़ यात्रा संयोजक हिंद पहरी संगठन सौरभसिंह राजपूत, संजय प्रजापति, सुमित मोतियानी, सुरेन्द्र कुशवाह, पंकज रघुवंशी, राजाराम राजपूत, विक्की कुशवाह आदि मौजूद रहे।


**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**

मंडल कार्यालय, झर्रा टिकुरिया, प्रथम तल, आस्था प्लाजा, कटनी - 483501
ईमेल : coktnsamd@pnb.bank.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:-

**ई नीलामी दिनांक : 24.08.2026** (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 23.08.2026 रात्रि 11.00 बजे तक**

| ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि | मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|
| निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे। | | |
| **मेसर्स संजय कुमार, प्रदीप कुमार (प्रोपराइटर श्री नन्नूलाल राठौर पुत्र श्री दयाराम राठौर) एवं मेसर्स श्रीदयाजी ट्रेडर्स (प्रोपराइटर श्रीमती कमला बाई राठौर पत्नि श्री नन्नूलाल राठौर )**<br>1.बंधक संपत्ति प्लाट नं. 293, अरिहंत विहार कॉलोनी, फेस-01, वार्ड नं. 04, तहसील एवं जिला - विदिशा (म.प्र.) क्षेत्रफल : 111.52 वर्ग मीटर, सीमाऐं : पूर्व- प्लाटनं. 292, पश्चिम- प्लाट नं.294, उत्तर- रोड 25 फिट, दक्षिण- प्लाट नं.283, संपत्ति मालिक : श्री प्रदीप राठौर पुत्र श्री नन्नूलाल राठौर (सांकेतिक आधिपत्य)<br>2. बंधक संपत्ति प्लाट नं. 294, अरिहंत विहार कॉलोनी, फेस-01, वार्ड नं. 04, तहसील एवं जिला - विदिशा (म.प्र.) 464001, क्षेत्रफल : 111.52 वर्ग मीटर, सीमाऐं : पूर्व-प्लाटनं.293, पश्चिम-प्लाटनं.295, उत्तर- रोड20 फिट, दक्षिण-प्लाटनं.282, संपत्ति मालिक : श्री नन्नूलाल राठौर पुत्र श्री दयाराम राठौर (सांकेतिक आधिपत्य) | (₹) 1,21,86,000<br>(₹) 12,18,600 | 25-05-2023<br>12-09-2023<br>₹ 15716847.90 + देय ब्याज एवं अन्य खर्च<br>संपत्ति 1 एवं 2 संयुक्त रूप से बेची जावेंगी। |

नियम एवं शर्ते :- 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई-निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा दिनांक 24/08/2026 को वेबसाइट https://baanknet.com पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें।

दिनांक : 31/07/2026, स्थान : कटनी | प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक



St. Mary's PG College Vidisha M.P.

IPS Counselling

| Course | Seats | Date | Time |
|---|---|---|---|
| BBA | 06 | 02/08/26 | 12:00 pm |

Contact: 9926327000



**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे नावालिग पुत्र ALI ASGAR BOHRA एवं पुत्री TASNEEM BOHRA के विद्यालय रिकार्ड एवं अंकसूचियों में त्रुटिवश मेरे सही नाम HUSAINI BOHRA के स्थान पर HUSSAIN BHORA अंकित हो गया है। जो कि गलत है, जबकि मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड, बैंक एकाउंट एवं अन्य शासकीय एवं अशासकीय रिकार्ड में सही नाम व सरनेम की स्पेलिंग HUSAINI BOHRA ही अंकित है और मेरे द्वारा इसी नाम व सरनेम का उपयोग किया जा रहा है। अत: भविष्य में मेरे नावालिग पुत्र व पुत्री के विद्यालय रिकार्ड एवं अंकसूचियों में मेरे सही नाम HUSAINI BOHRA का उपयोग किया जाय। इस सम्बंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिन के भीतर मुझे लिखित रूप से सूचित कर सकते हैं। इस विज्ञप्ति के प्रकाशन बाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

पुराना नाम:HUSSAIN BHORA
सही नाम:.HUSAINI BOHRA

हुसैनी बोहरा पुत्र गुलाम हुसैन
निवासी: बोहरा वाली गली, विदिशा
(म.प्र.) मो. 9713131444